स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 28.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं बचाव हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर निरंतर जारी है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस सार्वजनिक अवकाश के दिन भी शिविर दल द्वारा वार्ड 21 सुन्दर नगर में जे0पी0 नगर शिव मंदिर के पास एवं 28 जनवरी 2019 दिन सोमवार को वार्ड 24 शारदापारा केम्प–02 अंतर्गत छत्तीसगढ़ चौक कुम्हारपारा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये 128 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–01, बुखार–11, अन्य–116) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित 11 मरीजों का रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया मच्छर उन्मूलन हेतु 05 स्प्रेयर पम्प द्वारा नालियों के जमाव पानी एवं गन्दे स्थानों पर तथा 44 कूलर में 1500 एम0एल0 मैलाथियान के घोल का छिड़काव करवाया गया।

शिविर दल के सदस्य राजकुमार मर्सकोले, स्वप्निल नायडू, चेलाराम वर्मा, संतोष तिवारी, मितानिन सुरेखा निषाद, के0 कामेश्वरी, ऊषा गोंडाने द्वारा क्षेत्र/मोहल्ले के 650 घरों में गृह भेंटकर सर्दी, खांसी/बुखार होने पर नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में उपचार कराने की समझाईस दी गई। असमय बारिश होने से अपने–अपने घरों में कूलर, टायर, टंकी, टुटे–फुटे बर्तनों एवं टंकियों में बरसाती पानी का जमाव न होने दें, टंकियों की प्रत्येक 2–3 दिनों में सफाई करनें की समझाईस दी गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान 230 नग डेंगू/स्वाईन फ्लू से बचाव/सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण किया गया।

निगम महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा संयुक्त रुप से आम नागरिकों से अपील की गई है कि असमय वर्षा होने के कारण जलजनित वेक्टर जनित डेंगू के संक्रमण से बचाव हेतु घर के आसपास बरसाती पानी का जमाव न होने दें, निगम द्वारा निर्मित नालियों में घर का कचरा डालकर पानी की निकासी में रुकावट न डालें। डेंगू के मच्छर आपके घर के साफ पानी में अर्थात कूलर, गमला बाहर रखें, टायर, आंगन या बाड़ी में बनें पानी के टंकी में डेंगू के मच्छर के लार्वा पैदा होता है अत्एव पानी का जमाव न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सर्दी, खांसी, बुखार होने पर डरें नहीं, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराकर उपचार करायें।

जनसम्पर्क अधिकारी